प्रादेशिक समाचार

दिनांक–11.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में अधिक उपज, जलवायु अनुकूल और जैव सशक्त फसलों की 109 किस्में जारी की।
2. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की टीम का कल पाकुड़ दौरा, आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने संताल परगना में घुसपैठ मामले पर जतायी चिंता।
3. राज्य में कई स्थानों पर तिरंगा यात्रा का आयोजन, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ रांची में आयोजित तिरंगा पदयात्रा में हुए शामिल, लोगों से अभियान का हिस्सा बनने की अपील की।
4. नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता, रांची के बुढ़मू थानाक्षेत्र से टीएसपीसी कमांडर दिवाकर गंझू दस्ते के तीन सदस्य गिरफ्तार। और
5. पेरिस ओलंपिक खेल समारोह का आज होगा भव्य समापन, मनु भाकर और पीआर श्रीजेश होंगे भारतीय दल के ध्वज वाहक।

पीएम फसल **11.08.2024**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में अधिक पैदावार वाली, जलवायु अनुकूल और जैव सशक्त फसलों की 109 किस्में जारी की। इन किस्मों में 61 फसलें शामिल हैं, जिनमें 34 खेती की तथा 27 बागवानी की फसलें हैं। खेती की फसलों में बाजरा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास और अन्य फसलों के बीज शामिल हैं। बागवानी फसलों में फल, सब्जी, कंदमूल, मसाले, फूल और औषधि पौधों के बीज हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने किसानों और वैज्ञानिकों से भी बातचीत की। श्री मोदी ने नई फसल किस्म विकसित करने के लिए वैज्ञानिकों की सराहना की। वैज्ञानिकों ने बताया कि वे प्रधानमंत्री के सुझावों के अनुरूप काम कर रहे है। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि आज किसानों के लिए ऐतिहासिक दिन है, जब 65 फसलों की 109 किस्में जारी की गई हैं।

सीएम मुलाकात **11.08.2024**

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने आज रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाक़ात की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में अलका लाम्बा ने बताया कि मुख्यमंत्री से विशेषकर महिलाओं से जुड़ी योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन को लेकर चर्चा हुई।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना की राशि बढ़ाने, राज्य महिला आयोग के गठन समेत कुल ग्यारह मांगें उन्होंने मुख्यमंत्री से की है।

इधर, कांग्रेस के झारखण्ड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने भी मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री से मुलाक़ात की। बाद में उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्होंने अधूरे योजनाओं को जल्द पूरा करने को लेकर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया है।

<u>एसटी आयोग</u> **<u>11.08.2024</u>**

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा के नेतृत्व में आयोग की टीम कल पाकुड़ जिले का दौरा करेगी। इससे पहले आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने दुमका में विकास योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ के मामलों पर गहरी चिंता जतायी।

<u>तिरंगा पदयात्रा</u> **<u>11.08.2024</u>**

हर घर तिरंगा अभियान को लेकर झारखंड समेत देशभर में लोगों के बीच खासा उत्साह देखा जा रहा है। रांची के चुटिया स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर से आज तिरंगा पदयात्रा निकाली गई। तिरंगा पदयात्रा में अन्य लोगों के अलावा केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ भी शामिल हुए। इस दौरान श्री सेठ ने लोगों से हर घर

तिरंगा अभियान का हिस्सा बनने और अपने घरों पर तिरंगा लगाने की अपील की।

<u>पीएम आभार स्वतंत्रता</u> **<u>11.08.2024</u>**

स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली में होने वाले आयोजन में आमंत्रण मिलने से कोडरमा की आंगनवाड़ी सेविका साबित्री देवी काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि यह सपना सच होने जैसा है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया है।

<u>नक्सली गिरफ्तार</u> **<u>11.08.2024</u>**

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। रांची के बुढ़मू थानाक्षेत्र से पुलिस ने टीएसपीसी कमांडर दिवाकर गंझू दस्ते के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिले के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस ने छापर इलाके से इन नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।

<u>स्पेशल स्टोरी गोड्डा</u> **<u>11.08.2024</u>**

राज्य सरकार ने राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम में बेहतर योगदान के लिए पिछले दिनों गोड्डा स्थित राजमहल कोल परियोजना के अधिकारियों को सम्मानित किया।

<u>**ओलंपिक समापन**</u> **11.08.2024**

लगभग तीन सप्ताह तक चली, रोमाचंक खेल स्पर्धाओं के बाद आज रात **पेरिस ओलिम्पिक** सम्पन्न हो रहे हैं। समापन समारोह भारतीय समयानुसार रात साढ़े 12 बजे शुरू होगा। समापन समारोह में मनु भाकर और पीआर श्रीजेश भारतीय दल के ध्वज वाहक होंगे।

<u>**मौसम**</u> **11.08.2024**

राज्य में 13 से 15 अगस्त तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिकों ने बताया कि इस अवधि में राज्य के उत्तर पश्चिमी भागों में भारी बारिश के आसार हैं। आज और कल कई इलाकों में आंधी और वज्रपात की भी आशंका है।